## संपादकीय

# डोनाल्ड ट्रंप का रुख

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय संघ (ईयू) से सभी आयात पर एक जून से 50 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा की और कहा कि उनके साथ व्यापार वार्ता बेनतीजा रही। अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर ट्रंप ने लिखा है कि यूरोपीय संघ दशकों से अमेरिका का शोषण कर रहा है।

भारी व्यापारिक बाधाओं, वैट टैक्स, ज्यादा कॉरपोरेट जुर्माने, मुद्रा में हेरफेर और अनुचित मुकदमेबाजी के जरिए उसने अमेरिका को खासा नुकसान पहुंचाया है। ट्रंप का कहना है कि ईयू के इन अनुचित तौर-तरीकों के चलते अमेरिका को हर साल 250 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हो रहा है। ट्रंप का फैसला कड़ा है, लेकिन हैरत में डालने वाला नहीं। इसलिए कि दूसरी बार सत्ता में आने से काफी पहले वह अपने प्रचार के दौरान जोर-शोर से अमेरिका फस्र्ट की बात कह रहे थे।

इसके तहत अमेरिका के लिए कारोबारी स्थितियां माकूल बनाने की गरज से टैरिफ लगाने के संकेत उन्होंने दे दिए थे। ट्रंप की ईयू पर 50 फीसद टैरिफ संबंधी यह टिप्पणी ऐसे समय आई जब कुछ घंटों बाद ही अमेरिका और ईयू अधिकारियों की व्यापार वार्ता होनी थी, जो अब अधर में लटक गई है। ट्रंप को लगता है कि ईयू व्यापार समझौता करना चाहता है, लेकिन सही तरीके नहीं करता, लेकिन कोई समझौता वार्ता फैसलाकुन होने से पहले ही ट्रंप ने अप्रत्याशित तरीके से वार्ता न होने देने के हालात पैदा कर दिए। कहने में गुरेज नहीं कि ट्रंप अपने देश के कारोबार और कारोबारियों को संकट में डाल रहे हैं।

इससे पहले उन्होंने एप्पल से जुड़ी पुरानी लड़ाई को भी शुरू कर दिया। अमेरिका में न बने एप्पल के आईफोन पर 25 फीसद आयात शुल्क लगाने की धमकी दी और एप्पल के शेयर एकाएक 3 फीसद गिर गए। एप्पल संबंधी उनकी बयानबाजी को विशेषज्ञों ने अव्यावहारिक करार दिया है। अब ईयू संबंधी ट्रंप की बयाजबाजी ईयू अमेरिका का मुकाबला करने के लिए सक्रिय हो जाएगा। ईयू ने कह दिया है कि वह व्यापार वार्ता करने को तैयार है, लेकिन अब उसे जवाब देना पड़ेगा।

हालांकि अमेरिकी अधिकारी ट्रंप के बचाव में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि ईयू के देशों में ही व्यापार वार्ता को लेकर मतभेद हैं। ऐसे में अमेरिका को फैसला करना होगा। बहरहाल, ट्रंप अड़ियल रुख दिखा कर वास्तविकता की अनदेखी कर रहे हैं, जिसका अमेरिका को खमियाजा भुगतना पड़ सकता है।

## महिला विश्व कप की तारीखों और स्थानों का हुआ ऐलान : 30 सितंबर से 2 नवंबर तक खेलें जायेंगे मैच

**नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने महिला वनडे विश्व कप के 13वें संस्करण की तारीखों और स्थानों की घोषणा कर दी है. टूर्नामेंट 30 सितंबर से 2 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा. ये विश्व कप आठ टीमों के बीच खेला जाएगा. इसके सभी मैच भारत और श्रीलंका में पांच स्थानों पर कराए जाएंगे.

आईसीसी के एक बयान के अनुसार विश्व कप के लिए स्थान एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु), असम क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम (गुवाहाटी), होलकर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर. प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) होंगे. ये आयोजन 30 सितंबर को बेंगलुरु में भारत के साथ एक ब्लॉकबस्टर मुकाबले के साथ शुरू होगा क्योंकि महिला क्रिकेट विश्व कप 12 साल बाद क्रिकेट प्रेमी देश यानी भारत में वापस आ रहा है.

आईसीसी ने कहा, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल अगले दिन 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में खेला जाएगा. इसके बाद दोनों फाइनलिस्टों के पास खिताब के निर्णायक मुकाबले की तैयारी के लिए कम से कम दो दिन का समय होगा. 2025 महिला वनडे विश्व कप का फाइनल रविवार 2 नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा.

आईसीसी ने कहा, महिला विश्व कप में भाग लेने वाली आठ टीमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान हैं. ऑस्ट्रेलिया गत चैंपियन है और अपनी झोली में एक और खिताब जोडऩे के लिए उत्सुक होगा. उन्होंने 2022 में न्यूजीलैंड में सबसे हालिया महिला विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड को हराया था. ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम भी है, जिसने सात मौकों पर चैंपियन का ताज पहना है.

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने कहा, हम आने वाले महीनों में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजित किए जाने वाले दो वैश्विक महिला टूर्नामेंटों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं करने के लिए उत्साहित हैं. प्रशंसकों ने हाल के वर्षों में महिलाओं के खेल के लिए बहुत समर्थन दिखाया है और मुझे यकीन है कि अब जब उनके पास महत्वपूर्ण तारीखें और स्थान हैं. तो वो इसे अपना समर्थन देंगे. महिला क्रिकेट हमारी दृष्टि में सबसे आगे है और हमें विश्वास है कि ये दो आगामी टूर्नामेंट न केवल हाल के वर्षों में हमारे द्वारा बनाए गए अविश्वसनीय गति को बनाए रखेंगे, बल्कि इसे और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएंगे.

इसके साथ ही आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की तारीखों और स्थानों का भी ऐलान आईसीसी द्वारा कर दिया गया है. टी20 वर्ल्ड कप का पहला मैच 12 जून को बर्मिंघम के एजबेस्टन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मेजबान इंग्लैंड टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा. लंदन का ओवल 30 जून और 2 जुलाई को क्रमश: दोनों सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि फाइनल 5 जुलाई को प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर होगा.

ये टूर्नामेंट 24 दिनों तक चलेगा जिसमें इंग्लैंड के सात अलग-अलग स्थानों पर 33 मैच खेले जाएंगे, जिनमें मैनचेस्टर का ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड, लीड्स का हेडिंग्ले, बर्मिंघम का एजबेस्टन, साउथेम्प्टन का हैम्पशायर बाउल, ब्रिस्टल का ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लंदन का ओवल और लॉर्ड्स शामिल हैं. यह अब तक का सबसे बड़ा महिला टी20 विश्व कप संस्करण है, जिसमें 12 टीमें प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं.

## टोटलएनर्जीज अदाणी ग्रीन की ग्रोथ का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध : सीईओ

**पेरिस**

फ्रांस की एनर्जी कंपनी टोटलएनर्जीज के सीईओ और चेयरमैन पैट्रिक पोयाने ने कहा कि उनकी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के विस्तार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ पेरिस में बातचीत के दौरान पोयाने ने कहा कि वे अदाणी ग्रीन के विस्तार का समर्थन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, अदाणी ग्रीन जिसकी क्षमता 14 गीगावाट है। हम इसकी ग्रोथ को समर्थन जारी रखेंगे।

गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, टोटलएनर्जीज के चेयरमैन और सीईओ पैट्रिक पोयाने से मुलाकात की और भारत के लिए कंपनी की निवेश योजनाओं और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की।

फ्रांसीसी एनर्जी कंपनी ने भारत में लगभग 5 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, जो प्राकृतिक गैस इन्फ्रास्ट्रक्चर, सिटी गैस डेवलपमेंट और क्लीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स विशेष रूप से सौर और पवन ऊर्जा पर केंद्रित है।

जनवरी 2021 में अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी ग्रीन में टोटलएनर्जीज ने माइनॉरिटी हिस्सेदारी लेकर साझेदारी की शुरुआत की थी।

पिछले महीने अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड दुनिया की पहली ऐसी स्वतंत्र बिजली उत्पादक (आईपीपी) रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) कंपनी बन गई है, जिसने अपने पूरे परिचालन पोर्टफोलियो को वाटर पॉजिटिव में बदल दिया है।

अदाणी ग्रीन एनर्जी ने सस्टेनेबिलिटी के लिए एक नया मानक स्थापित करने के लिए अपने वित्त वर्ष 26 के लक्ष्य से एक साल पहले वाटर पॉजिटिव होने का लक्ष्य हासिल किया है। यह इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाली शीर्ष 10 वैश्विक कंपनियों (परिचालन आरई पोर्टफोलियो के संदर्भ में) में से पहली और एकमात्र है।

## कार्तिक आर्यन की तू मेरी मैं तेरा... में अनन्या पांडे की एंट्री, पहली झलक आई सामने



करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' के हीरो कार्तिक आर्यन के साथ हीरोइन कौन है, इसका जिक्र किया है। हीरो-हीरोइन की एक रोमांटिक फोटो भी करण जौहर ने साझा की है।

करण जौहर ने अपनी पोस्ट के साथ एक कैप्शन भी लिखा है- ' हमारे रे की रूमी।' स्माइली और हार्ट इमोजी भी करण ने साथ में बनाया है। इस फिल्म में कार्तिक के साथ अनन्या पांडे नजर आएंगी। करण ने जो पोस्टर साझा किया है, उसमें कार्तिक और अनन्या ही रोमांटिक अंदाज में नजर आए रहे हैं। दोनों के चेहरे के पास एक पासपोर्ट है। अब इस पासपोर्ट से फिल्म की कहानी का क्या कनेक्शन है? यह वक्त आने पर पता चलेगा।

## नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में डी गुकेश का जलवा, रोमांचक मुकाबले में अर्जुन एरिगैसी को हराया

**नई दिल्ली**



विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सोमवार को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के 7वें राउंड के रोमांचक मुकाबले में हमवतन अर्जुन एरिगैसी पर अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज की - और ऐसा उन्होंने उस स्थिति से किया जो लगभग खत्म हो चुकी थी.

यह उल्लेखनीय जीत गुकेश द्वारा क्लासिकल शतरंज में पहली बार विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हराने के ठीक एक दिन बाद मिली. लगातार जीत ने 19 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी को प्वाइंट्स टेबल में कार्लसन से ऊपर पहुंचा दिया है, जिससे वह फैबियानो कारुआना के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं, जिन्होंने अपने ही मैच में वेई यी को हराया था.

दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच आमना-सामना उम्मीदों पर खरा उतरा. अर्जुन ने शुरुआत में ही बढ़त हासिल कर ली, शुरुआत में ही उन्होंने मिडिलगेम में गुकेश को मात दे दी और वह एक शानदार जीत की ओर बढ़ते हुए दिख रहे थे. गुकेश की एक महत्वपूर्ण चूक ने उन्हें कमजोर और स्थितिगत रूप से समझौता करने पर मजबूर कर दिया, जिससे कई विश्लेषकों ने उनकी स्थिति को लगभग खो दिया बताया.

हालांकि, गुकेश ने अपना आपा नहीं खोया शानदार खेल का प्रदर्शन किया. बढ़ते दबाव के तहत, उन्होंने धीरे-धीरे सटीक और शांत डिफेंस के साथ खेल में वापसी की. एक रोमांचक बदलाव में, उन्होंने अर्जुन के लाभ को बेअसर कर दिया और गति को नियंत्रित करना शुरू कर दिया.

जब समय की समस्या मंडरा रही थी, अर्जुन ने गुकेश को मौका देने के लिए पर्याप्त रूप से लडख़ड़ाया - जिसका उन्होंने सटीकता के साथ फायदा उठाया. एक कांटे के मैच के बाद, अर्जुन को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा.

## दोपहिया ईवी मार्केट में तेजी से घट रहा ओला इलेक्ट्रिक का दबदबा, मई में बिक्री 51 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली**



दोपहिया ईवी वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री मई में सालाना आधार पर 51 प्रतिशत गिरकर 18,499 यूनिट्स हो गई है। कंपनी मार्केट में टीवीएस मोटर और बजाज ऑटो के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गई है।

सरकारी वाहन डेटा के मुताबिक, मई में दोपहिया ईवी वाहन सेगमेंट का प्रदर्शन मजबूत रहा है और इस दौरान रिटेल बिक्री बढक़र 1,00,266 यूनिट्स हो गई है।

दोपहिया ईवी वाहन सेगमेंट में टीवीएस मोटर शीर्ष पर रही। कंपनी की बिक्री मई में सालाना आधार पर 107 प्रतिशत बढक़र 24,560 यूनिट्स रही और कंपनी का मार्केट शेयर 24 प्रतिशत रहा।

बजाज ऑटो की बिक्री मई में सालाना आधार पर 135 प्रतिशत बढक़र 21,770 यूनिट्स हो गई है। दोपहिया ईवी वाहन सेगमेंट में 22 प्रतिशत के मार्केट शेयर के साथ दूसरे स्थान पर रही।

भाविश अग्रवाल की अगुआई वाली ओला इलेक्ट्रिक ने पिछले महीने 18 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी दर्ज की और मार्केट में तीसरे स्थान पर रही।

एथर एनर्जी ने 12,840 यूनिट्स बेचीं और बाजार में 13 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की।

बीते हफ्ते ओला इलेक्ट्रिक ने वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजे पेश किए थे। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का घाटा सालाना आधार पर 109 प्रतिशत बढक़र 870 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 416 करोड़ रुपए था।

वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही में कंपनी की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 61.8 प्रतिशत कम होकर 611 करोड़ रुपए रह गई है, जो कि एक साल पहले समान अवधि में 1,598 करोड़ रुपए थी।

2021 के अंत में अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की कमर्शियल डिलीवरी शुरू करने के बाद से यह कंपनी का सबसे खराब तिमाही प्रदर्शन है।

पूरे वित्त वर्ष 2025 के लिए ओला इलेक्ट्रिक की आय भी घटकर 4,645 करोड़ रुपए रह गई है, जो वित्त वर्ष 2024 में 5,126 करोड़ रुपए थी।

## सेंसेक्स लाल निशान में खुला, मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को लाल निशान में खुला। सुबह 9:43 पर सेंसेक्स 234 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,139 और निफ्टी 64 अंक या 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,649 पर था।

लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 83.60 अंक या 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,859 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 107.45 अंक या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,203 पर था।

निफ्टी ऑटो, पीएसयू बैंक, मेटल, मीडिया और कमोडिटी सबसे ज्यादा बढऩे वाले इंडेक्स थे। आईटी, एफएमसीजी, इन्फ्रा और प्राइवेट बैंक इंडेक्स लाल निशान में थे।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इटरनल (जोमैटो), टाटा स्टील, एमएंडएम, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स में टॉप गेनर्स थे। एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी टॉप लूजर्स थे।

चॉइस ब्रोकिंग के डेरिवेटिव विश्लेषक हार्दिक मटालिया ने कहा, सपाट शुरुआत के बाद निफ्टी को 24,700, 24,600 और 24,500 पर सपोर्ट मिल सकता है। तेजी की स्थिति में 24,800, 24,900 और 25,000 रुकावट के स्तर होंगे।

ज्यादा एशियाई बाजार तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। टोक्यो, शंघाई, जकार्ता और हांगकांग हरे निशान में थे।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 2 जून को लगातार दूसरे सत्र में अपनी बिकवाली जारी रखी और 2,589 करोड़ रुपए के इक्विटी बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने दसवें दिन अपनी खरीद जारी रखी और उसी दिन 5,313 करोड़ रुपए के इक्विटी खरीदे।

वैश्विक कारणों के चलते सोमवार को भी शेयर बाजार लाल निशान में बंद हुआ था। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 77.26 अंक या 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,373.75 और निफ्टी 34.10 अंक या 0.34 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,716.60 पर था।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके बिजनेस की गति धीमी रहने के कारण आप परेशान रहेंगे। आज आलस और सुस्ती अपने ऊपर हावी न होने दें और समय की कीमत को पहचानिए।

***वृष-*** आज का दिन खुशियां लेकर आया है। नौकरीपेशा से जुड़े लोगों को आज अचानक पैसे की आवश्यकता पड़ सकती है। सगे -संबंधियों से आपको सहायता मिल जाएगी। आज किसी भी स्थिति में आपको अपने समय का ख्याल रखना चाहिए।

***मिथुन-*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूरा ना होने के कारण आपको थोड़ी समस्या होगी। आज आपकी योग्यता लोगों के सामने आएगी।

***कर्क-*** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

***सिंह-*** आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे।

***कन्या-*** आज का दिन आपके लिए ख़ास रहने वाला है। आज किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहने वाला है। संतान से आपको किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है लेकिन जल्द ही सब ठीक होगा।

***तुला-*** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप ऑफिस में बॉस द्वारा दिये गये काम को अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे तो आपका इन्क्रीमेंट हो सकता है। आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

***वृश्चिक-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। शाम को पारिवार के साथ किसी अच्छे रेस्टुरेंट में डिनर करने जायेंगे।

***धनु-*** आज का दिन आपके लिए समान्य रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। समय का सदुपयोग करके ही आप अपने जीवन में एक सफल व्यक्ति बनने में कामयाब होंगे।

***मकर-*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्त्व मिलेगा। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको प्रभावित होंगे।

***कुम्भ-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे जल्द ही आपकी सफलता के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का आज समाज में दबदबा बना रहेगां।

***मीन-*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे।

## अनुष्का शेट्टी स्टारर घाटी की नई रिलीज डेट से उठा पर्दा, निर्माताओं ने पोस्टर जारी कर बताई तारीख



फिल्म मेकर्स ने आज सोशल मीडिया पर फिल्म घाटी का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। जानिए कब देख सकेंगे बहुबली फेम एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी।

अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी के साथ बड़े पर्दे पर शानदार वापसी करने जा रही हैं। यह फिल्म कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित है और अब 11 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। पहले इस फिल्म को 18 अप्रैल 2025 में रिलीज किया जा रहा था। निर्माताओं ने नई रिलीज डेट की घोषणा के साथ एक शोनादार पोस्टर भी शेयर किया है, जो फिल्म के दमदार अंदाज को दर्शाता है। यह फिल्म पूरे भारत में रिलीज की जाएगी। इस पोस्टर में एक नदी में सभी स्टार्स किसी को सामने घूरते नजर आ रहे हैं, जैसे वह सभी किसी खास मिशन पर गए हों।

फिल्म निर्माताओं ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म घाटी के नए पोस्टर के साथ इसकी नई रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, अपना सिंहासन हासिल करने और बॉक्स ऑफिस पर विजय पाने के लिए आ रही है।

## द ट्रेटर्स से एक्टिंग में डेब्यू करने जा रहीं अंशुला कपूर, बोलीं - एक्टिंग तो मेरे खून में है



फिल्म निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर की बेटी और अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर अब अभिनय जगत की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। अंशुला प्राइम वीडियो की सीरीज 'द ट्रेटर्स' से डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, जिसे करण जौहर होस्ट करेंगे।

होस्ट करण जौहर ने सीरीज के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान अंशुला से पूछा, क्या आप गेम में आगे बढऩे के लिए किसी को धोखा दे सकती हैं? जवाब देते हुए अंशुला ने बताया, आपने मुझे मासूम और शांत कहा, मैं ऐसी दिख सकती हूं, मैं प्यारी भी दिख सकती हूं, लेकिन एक्टिंग तो मेरे खून में है। मैं आत्मविश्वास से भरपूर हूं और यही मेरी खूबी है।

ट्रेलर लॉन्च के दौरान करण जौहर ने बताया कि यह शो झूठ, धोखे और ड्रामे से भरा है। वह न सिर्फ गेम को कंट्रोल करेंगे, बल्कि 20 प्रतियोगियों के बीच होने वाले झगड़े और साजिशों को भी करीब से देखेंगे।

## डेडलिफ्ट एक्सरसाइज करने के फायदे और अन्य जरूरी बातें

डेडलिफ्ट एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो पूरे शरीर को मजबूत बनाती है। यह खासकर पीठ, पैरों और हाथों की मांसपेशियों पर काम करती है। डेडलिफ्ट को सही तरीके से करने पर कई फायदे मिल सकते हैं।

**डेडलिफ्ट करने का सही तरीका-** सबसे पहले एक वजन को जमीन से उठाएं और उसे अपने कूल्हों के पास लाएं। इस दौरान आपकी पीठ सीधी होनी चाहिए और घुटने थोड़े मुड़े होने चाहिए। अब वजन को धीरे-धीरे नीचे ले जाएं, लेकिन ध्यान रखें कि आपकी पीठ हमेशा सीधी रहे। इस प्रक्रिया को वजन को उठाने और नीचे लाने के रूप में दोहराएं। इस एक्सरसाइज को करते समय सांस लेने और छोडऩे का सही तरीका अपनाएं ताकि आप इसे आसानी से कर सकें।

**डेडलिफ्ट के दौरान सांस लेने का तरीका-** डेडलिफ्ट करते समय सांस लेना और छोडऩा बहुत जरूरी है। जब आप वजन को उठाते हैं तो सांस लें और जब उसे नीचे ले जाते हैं तो सांस छोड़ें। इससे आपकी मांसपेशियां बेहतर तरीके से काम करेंगी और आपको अधिक लाभ मिलेगा। सही तरीके से सांस लेने पर आपकी ऊर्जा स्तर भी बढ़ेगा और आप अधिक समय तक एक्सरसाइज कर सकेंगे। यह प्रक्रिया आपके शरीर को संतुलित बनाए रखने में मदद करती है।

**डेडलिफ्ट करते समय ध्यान रखने योग्य बातें-** डेडलिफ्ट करते समय कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए जैसे कि भारी वजन न उठाएं अगर आप नए हैं तो हल्के वजन से शुरू करें। इसके अलावा पीठ को झुकाकर न उठाएं क्योंकि इससे चोट लग सकती है। हमेशा वजन को नियंत्रित तरीके से उठाएं और नीचे लाएं। अगर आपको कोई चोट लगी हो या पीठ में दर्द हो तो इस एक्सरसाइज को न करें। सही तरीके से डेडलिफ्ट करने पर आप मजबूत मांसपेशियां बना सकते हैं।

**डेडलिफ्ट से मिलने वाले फायदे-** डेडलिफ्ट करने से कई फायदे मिल सकते हैं जैसे कि यह पीठ की मांसपेशियों को मजबूत बनाती है, पैरों की ताकत बढ़ाती है और हाथों की मांसपेशियों पर काम करती है। इसके अलावा यह एक्सरसाइज शरीर के संतुलन को भी सुधारती है और सहनशक्ति बढ़ाती है। नियमित रूप से डेडलिफ्ट करने से आपका शरीर फिट रहता है और आप अधिक सक्रिय महसूस करते हैं। यह एक्सरसाइज आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है।

## शब्द सामर्थ्य- 68

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 067 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

## सू-दोकू- 68

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.067 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |